**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 09.08.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **देशभर में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू–छत्तीसगढ़ में ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन भी किया जा रहा है।**
- **आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम।**
- **राज्य सरकार ने नगरीय निकायों और पंचायतों में एक साथ चुनाव कराने के लिए कमेटी का किया गठन।**
- **प्रदेश में संचालित सभी कोचिंग सेंटर, स्कूल, कॉलेज सहित सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट कराया जाएगा।**

**हर घर तिरंगा–अभियान**

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देशभर में हर घर तिरंगा अभियान आज से पन्द्रह अगस्त तक चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए देश के सभी लोगों से आग्रह किया है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर को तिरंगे के साथ बदलें। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए अपनी प्रोफाइल पिक्चर को तिरंगे में बदल दिया है। श्री मोदी ने सभी से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंगे के साथ सेल्फी साझा करने का भी आग्रह किया है। वहीं, नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इधर, छत्तीसगढ़ में भी हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू हो गया है। इसके साथ ही प्रदेश में ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन भी किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने घरों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान और गर्व के साथ मनाएं। राज्यपाल ने कहा कि इस अभियान से देश भक्ति और एकता की भावना को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लें। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में अनेक तरह के आयोजन होंगे। इनमें तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा मेला जैसे आयोजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का उद्देश्य तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए सभी को अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

**विश्व आदिवासी दिवस**

आज विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा आज कबीरधाम जिले के ग्राम तरेगाव जंगल के एकलव्य आर्दश आवसीय विद्यालय परिसर और ग्राम रेंगाखर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के अधिकार, उनके विकास और संस्कृति की रक्षा तथा संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में संचालित सभी आश्रम छात्रावास में जनभागीदारी समिति का गठन करने का निर्णय लिया है। इस समिति में आश्रम छात्रावास में पढ़ने वाले बच्चों के पालक, जनप्रतिनिधि और बच्चों की माताएं शामिल होंगी। उपमुख्यमंत्री ने आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर और उनके योगदान की सराहना की। उधर, दुर्ग में आदिवासी मंडल भिलाई नगर द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। रैली में लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। साथ ही झांकियां भी निकाली गई। वहीं, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज से ग्यारह अगस्त तक रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है।

**नगर निगम/पंचायत चुनाव–कमेटी**

राज्य सरकार ने नगर पालिक निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत और जनपद पंचायतों में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्ष वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा को बनाया गया है। वहीं, पंचायत विभाग की सचिव निहारिका बारिक, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव बसवराजू एस., वित्त विभाग के भारसाधक सचिव के प्रतिनिधि को सदस्य और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. को सदस्य–सह समन्वयक बनाया गया है। यह कमेटी पन्द्रह दिन में राज्य शासन को तीन बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। एक साथ चुनाव कराने को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने आम लोगों से सुझाव भी मांगा है। गौरतलब है कि इसे लेकर विधानसभा में अशासकीय संकल्प भी लाया गया था।

**स्कूल–युक्तियुक्तकरण**

प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा चार हजार से अधिक स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने उच्च न्यायालय में केवियेट भी दायर कर दी है। युक्तियुक्तरण के ड्राफ्ट को मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**फसल बीमा योजना–तिथि**

केन्द्र सरकार द्वारा ऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराए जाने की तिथि को सोलह अगस्त से बढ़ाकर पच्चीस अगस्त कर दिया गया है। जबकि अऋणी किसानों के लिए फसलों का बीमा कराने की निर्धारित तिथि सोलह अगस्त तक यथावत रहेगी। गौरतलब कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पहले इकतीस जुलाई तक फसल बीमा कराने तिथि निर्धारित की गई थी। राज्य में कृषि विभाग द्वारा चालू खरीफ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके तहत किसान धान सिंचित, असिंचित, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो–कुटकी और रागी फसल का बीमा करा सकते हैं।

**सरकार–कोचिंग सुरक्षा**

दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद राज्य सरकार ने प्रदेश में संचालित सभी कोचिंग सेंटर, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल और सिनेमा घरों सहित सभी सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए हैं। ये निर्देश नगर निगमों के आयुक्त और सभी मुख्य नगर पालिका के अधिकारियों को जारी किए गए हैं। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा ऑडिट समिति बनाने के लिए कहा गया है। राज्य सरकार ने ऑडिट की प्रक्रिया एक महीने में पूरा कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, राज्य सरकार ने राज्य कर विभाग के अंतर्गत बिलासपुर संभाग में पदस्थ संयुक्त आयुक्त दीपक गिरी को उनके खिलाफ कुछ कोचिंग व्यवसासियों द्वारा की गई शिकायतों के बाद निलंबित कर दिया है। वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने अधिकारी को निलंबित करने के आदेश दिए हैं।

**मंत्री–प्रभार फेरबदल**

राज्य शासन ने बस्तर संभाग के चार जिलों के प्रभारी मंत्रियों के प्रभार में फेरबदल किया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव को उत्तर बस्तर कांकेर, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को बस्तर, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को कोंडागांव और खेल मंत्री टंकराम वर्मा को नारायणपुर जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

**सीआईएसएफ–रक्तदान शिविर**

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों के स्मृति में उतई स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और एनडीआरएफ के इक्यासी जवानों ने रक्तदान किया।

**बलौदाबाजार–संपर्क सुविधा**

बलौदाबाजार जिले में आम जनता की समस्याओं और सुझावों के निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा संपर्क सुविधा केंद्र शुरू किया गया है। इसके माध्यम से अब लोगों को अपनी समस्याओं सहित योजनाओं से संबधित जानकारी की सुविधा घर बैठे ही उपलब्ध होगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने वीडियो कॉल के जरिए पांच गांवों के ग्रामीणों से बातचीत कर संपर्क सुविधा केंद्र का संचालन की शुरूआत की। बलौदाबाजार जिले का कोई भी व्यक्ति नौ–दो–शून्य–एक आठ नौ–नौ–नौ–दो–पांच पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इस सुविधा का उपयोग वाट्सअप के माध्यम से भी किया जा सकता है।

**''एक पेड़ मां के नाम''**

कोंडागांव जिले के केशकाल, फरसगांव और अनंतपुर सहित सभी थाना परिसरों में आज पुलिस जवानों ने "एक पेड़ शहीदों के मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधा लगाया। अनंतपुर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने बताया विश्व आदिवासी दिवस पर जल, जंगल, जमीन बचाने का संकल्प लेकर फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। विश्रामपुरी थाना परिसर में भी थाना स्टाफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने "एक पेड़ शहीदों के मां के नाम" से पौधारोपण किया।

वहीं, बीजापुर जिले में न्यू पुलिस लाइन में शहीदों को याद करते हुए 'एक पेड़ शहीदों की मां के नाम' के अंतर्गत पौधा लगाया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीआरपीएफ के जवान और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**जर्जर–स्कूल भवन**

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के जर्जर हो चुके उनसठ शाला भवनों और शौचालयों को ढहाने के लिए मरवाही के न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की गई है, ताकि जर्जर हो चुके शाला भवनों से किसी तरह की अप्रिय घटना और जानमाल की क्षति होने से बचा जा सके। इन भवनों को तोड़ने के बाद मलबा और अन्य सामग्री का प्रबंधन संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

– भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ग्यारह अगस्त को सावन महोत्सव मनाएगा। रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में होने वाले इस कार्यक्रम में मोर्चे की राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की पदाधिकारी शामिल होंगी।

– राज्य की महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में स्थित सहयोग केन्द्र में लोगों की समस्याओं के संबंध में आए आवेदनों का निराकरण किया।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के तहत रायपुर के रेलवे इंस्टीट्यूट में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आज से दो दिवसीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें केंद्र सरकार के अस्सी विभागों के लगभग सौ से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

– कांकेर के कंकालिनपारा में आज जिले के पहले हमर क्लीनिक का उद्घाटन विधायक आशाराम नेताम ने किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>